जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त कार्यालय, दुमका।

(कल्याण शाखा)

विज्ञापन संख्या 1062 दिनांक 03-07-2026

सरकार के संयुक्त सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ी वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या– 06/12–प्रधाना0स्था0– 07/2014 (खण्ड –ख)–2141, राँची, दिनांक– 11.06.2026 के आलोक में दुमका जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य हेतु तत्कालिक व्यवस्था के तहत Service Procurement के आधार पर **घण्टी आधारित शिक्षकों का चयन** किया जाना है। **यह व्यवस्था पूर्णतः वैकल्पिक एवं अस्थायी है।** अंशकालीन शिक्षण कार्य हेतु दुमका जिला के योग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में दिनांक 04-07-2026 से दिनांक 25-07-2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक निश्चित रूप से परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, ITDA (कल्याण शाखा) दुमका पिन नं0 814101 (समाहरणालय, दुमका ब्लॉक –A) के पते पर सीधे बंद लिफाफे में आवेदन को कार्यालय अवधि में जमा किया जाएगा।

पदस्थापन/रिक्ति विवरणी के आधार पर जिलान्तर्गत निम्न आवासीय विद्यालयों के लिए शिक्षकों की आवश्यकता है :–

क्र0	विद्यालयों का नाम	प्रखण्ड	जिला
1	2	3	4
1	10+2 अनुसूचित जनजाति अवासीय विद्यालय, इन्दरबनी।	शिकारीपाड़ा	दुमका
2	+2 पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कुरूवा।	दुमका	
3	अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, कड़हरबील।	दुमका	
4	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, नकटी।	काठीकुण्ड	
5	अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, गोपीकान्दर।	गोपीकान्दर	
6	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कैराबनी।	दुमका	
7	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लखनपुर।	रामगढ़	
8	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गुम्मापहाड़ी।	गोपीकान्दर	
9	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मंझियाड़ा।	दुमका	
10	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, शिकारीपाड़ा।	शिकारीपाड़ा	
11	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मसलिया।	मसलिया	
12	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जरमुण्डी।	जरमुण्डी	
13	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, आसनपहाड़ी।	काठीकुण्ड	
14	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, उपरमुर्गाथली।	दुमका	
15	अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, आसनसोल।	दुमका	

क्र0	विषय का नाम	शिक्षकों की आवश्यकता(कुल रिक्त पद)	श्रेणी				न्यूनतम योग्यता	परिलब्धि / वृतिका
			अनारक्षित (GEN)	आ0 क0 वर्ग (EWS)	अ0ज0 जा0 (ST)	अ0जा0 (SC)		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	प्राथमिक(मैट्रिक प्रशिक्षित) स्तर के शिक्षक	42	12	04	23	03	इस विवरणी के क्रमांक – 01 हेतु बी0एड0 / शिक्षक प्रशिक्षण एवं क्रमांक 02 से 08 तक संबंधित विषय में स्नातक एवं एन0सी0टी0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बी0एड0 तथा 09 से 12 तक संबंधित विषय में स्नातकोतर एवं एन0सी0टी0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बी0एड0 उत्तीर्ण होना आवश्यक है।	200 / रू0 प्रति घंटी अधिकतम 04 घंटी एक कार्य दिवस में एवं सप्ताह में 05 कार्य दिवस तक कार्य लिया जायेगा।
2	सामाजिक विज्ञान	09	06	01	01	01		
3	विज्ञान	05	03	00	02	00		
4	संस्कृत	05	03	00	02	00		
5	अंग्रेजी	03	02	00	01	00		
6	गणित	02	01	00	01	00		
7	हिन्दी	04	03	00	01	00		
8	संगीत / शारीरिक शिक्षक	05	03	00	02	00		
नीचे अंकित सभी स्क्ति पद +2 विद्यालय हेतु								
9	भौतिक विज्ञान	02	01	00	01	00		
10	जीव विज्ञान	02	01	00	01	00		
11	रसायन विज्ञान	02	01	00	01	00		
12	**गणित**	**02**	**01**	**00**	**01**	**00**		
कुल		**83**	**37**	**05**	**37**	**04**		

शिक्षकों की अंश–कालीन सेवा प्राप्ति हेतु निम्नलिखित महत्वपूर्ण शर्ते :–

1. शिक्षकों का कार्य एकरारनामा के आधार पर लिया जाएगा, जिसमें संबंधित प्रखण्ड के अभ्यर्थियों, स्थानीय भाषा के जानकारों तथा जहाँ आवासीय विद्यालय संचालित है वहाँ के स्थानीय अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। संबंधित प्रखण्ड स्तर पर अभ्यर्थी अनुपलब्ध पाये जाने की स्थिति में जिला स्तर पर उपलब्ध योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।
2. सभी पदों के चयन में झारखण्ड सरकार के जिला स्तरीय पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु जिला आरक्षण रोस्टर के प्रावधानों का पालन किया जायेगा।
3. जिला / प्रखण्ड स्तर पर संबंधित विषय के PG/Graduate/B.Ed या शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त डिग्रीधारकों को मेधाक्रम के आधार पर, उपर्युक्त शर्तों पर पुरी तरह अस्थायी रूप से जिला स्तरीय कमिटि द्वारा चयन किया जाएगा।

4. शिक्षकों का नियुक्ति आवश्यकतानुसार विषय के आधार पर की जाएगी। दुमका (गृह) जिला के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा दुमका जिला के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

5. ST/SC/EWS वर्ग के अभ्यर्थी को दुमका जिला के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

6. अभ्यर्थी के न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा क्रमशः 21 वर्ष और 55 वर्ष होनी आवश्यक है तथा उम्र की गणना 31.05.2026 के आधार पर की जाएगी।

7. चयनित अभ्यर्थी को किसी प्रकार का भत्ता अनुमान्य नहीं होगा। वे किसी अवकाश के हकदार नहीं होंगे। यह पद स्थानांतरणीय नहीं होगा। चयनित शिक्षकों को विद्यालय में रहने की सुविधा नहीं दी जायेगी। दैनिक उपस्थिति के आधार पर किए गए अध्यापन कार्य के आलोक में वृत्तिका का भुगतान किया जाएगा।

8. आवश्यकतानुसार चयनित शिक्षकों को अधिकतम 6 माह के लिए प्रति घंटी के आधार पर रखा जाएगा। सेवा संतोषप्रद रहने पर अगले 6 माह के लिए विस्तार किया जा सकता है। यह सेवा अधिकतम 01 वर्ष के लिए होगा या विभाग द्वारा सम्बंधित पदों पर स्थायी शिक्षको के नियुक्ति/पदस्थापन किए जाने पर चयनित किए गए Service Procurement के आधार पर घण्टी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी। यह व्यवस्था पूर्णतः वैकल्पिक एवं अस्थायी है, इस पर भविष्य में किसी भी स्थायीकरण अथवा अन्य प्रकार का दावा स्वीकार्य नहीं होगा। साथ ही एकरारनामा में वर्णित शर्तो के उल्लंघन या असंतोषप्रद कार्य के कारण बिना किसी पूर्व सूचना के चयनित शिक्षकों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है।

9. आवेदन विहित पत्र में ही स्वीकार किया जायेगा। आवेदन प्रपत्र स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से भरा होना आवश्यक है। किसी अन्य प्रारूप में एवं अपूर्ण आवेदन प्रपत्र तथा उक्त निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। एक अभ्यर्थी सिर्फ एक ही आवेदन कर सकेंगे।

10. आवेदन हेतु लिफाफा के उपर विषय का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य है।

11. आवेदन प्रपत्र में अंकित सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं तकनीकी योग्यता इत्यादि स्व–अभिप्रमाणित करते हुए संलग्न करना आवश्यक होगा।

12. आवेदन हेतु विहित प्रपत्र दुमका जिला की आधिकारिक वेबसाईट **www.dumka.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

01/07/26

जिला कल्याण पदाधिकारी,
दुमका।

01/7/26

विशिष्ट पदाधिकारी, पहाड़िया
कल्याण , दुमका।

01/7/26

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, दुमका।

कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों में **Service Procurement** के तहत् अंशकालीन/घंटी–आधारित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु

आवेदन प्रपत्र

District Welfare Office,

Dumka.

Please Paste a recent Passport Size colour photograph

पंजीकरण संख्या ..... विषय का नाम ..... (कार्यालय उपयोग हेतु)

{All details should be filled in block letter / "सभी विवरण अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में भरें"}

Applied for Post (Subject Name) .....

1. Name : .....

2. Father's/Husband's Name : .....

3. Date of Birth (DD-MM-YYYY) ..... Gender (Male/Female) : .....

4. Age at the date of 31.05.2026 Years ..... Months ..... Days .....

5. Category (ST/SC/EWS/GEN) : .....

6. Aadhar No. ..... Email Id : .....

7. Mobile No. ..... WhatsApp No. .....

8. Permanent Address : .....

   Vill/Ward No. ..... PO : ..... PS: .....

   Block : ..... District : ..... State : ..... Pin : .....

9. Present Address : .....

   Vill/Ward No. ..... PO : ..... PS: .....

   Block : ..... District : ..... State : ..... Pin : .....

10. Educational Qualification : (प्रमाण पत्रों की क्रम संख्या के अनुसार अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

Sl.No	Exam Passed	School/ College Name	Board/ University	Subject Stream	Subjects	Passing Year	Total Marks	Obtained Marks	%	संबंधित प्रमाण पत्र का पेज न0
1										
2										
3										
4										

5										
6										
7										
8										
9										
10										
11										
12										

11. Additional Qualification :-

.....

.....

"स्वघोषणा"

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दी गई सूचना सत्य है। किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर मेरा चयन निरस्त किया जा सकता है एवं दण्डात्मक कार्रवाई की जा सकेगी तथा मुझे उक्त पद के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकेगा। मैंने सभी नियम एवं शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है और उसका पालन करने के लिए सहमत हूँ। मैं यह भी समझता हूँ कि मेरी नियुक्ति अंशकालीन/घंटी–आधारित है और विभाग के पास किसी भी समय मेरे नियुक्ति समाप्त करने का पूरा अधिकार है।

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैं किसी कानूनी/अनुशासनात्मक मामले में शामिल नहीं हूँ तथा आज की तिथि तक मेरे विरूद्ध किसी भी न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं है।

Date : .....

Place : .....

"आवेदक का हस्ताक्षर"